राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर
बी–39, सरदार पटेल मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302001

राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan

Rajasthan Nursing Council, Jaipur
B-39, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur-302001

क्रमांकः प.5(53)आरएनसी / लेखा / विविध / 2024 / 455 दिनांकः 21.08.2025

# परिपत्र

प्रायः यह देखा गया है कि कौंसिल की विविध परीक्षाओं / स्क्रूटनी में नियुक्त परीक्षकों, पेपर सैटर्स, फ्लाईंग स्क्वायॅड के सदस्यों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा पारिश्रमिक राशि, यात्रा भत्ता बिल, उत्तरपुस्तिकाओं की जांच / मूल्यांकन के बिल, स्क्रूटनी बिल, पेपर सेटिंग, व अन्य परीक्षा संबंधित सेवाओं के बिल समय पर भुगतान हेतु प्रस्तुत नही किये जाते है, जिसके कारण ऐसे बिलों के कालातीत हो जाने पर अपेक्षित पूर्तियों को लेकर अनावश्यक ही समय व श्रम बर्बाद होता है। कतिपय परीक्षकों द्वारा तो ऐसे बिलों को कार्य पूर्ण हो जाने के लगभग 3 से 5 वर्ष बाद तक प्रस्तुत किये जा रहे है। ऐसे स्थिति में ऐसे बिलों का लेखा अनुभाग स्तर पर परीक्षण किया जाना दुष्कर हो जाता है तथा प्राप्त बिल के पूर्व में भुगतान नही होने की स्थिति को सुनिश्चित किया जाना भी मुश्किल हो जाता है।

अतः भुगतान की व्यवस्था को सरल, सुविधाजनक एवं सुदृढ बनाये जाने की दृष्टि से कौंसिल की विविध परीक्षाओं में विभिन्न प्रास्थितियों में नियुक्त नर्सिंग ट्यूटर्स को निर्देशित किया जाता है कि वें परीक्षा संबंधी कार्य के पूर्ण हो जाने के एक माह की समयावधि में अपने दावों के बिल आवश्यक रूप से प्रस्तुत करादे ताकि यथा समय परीक्षण उपरान्त ऐसे बिलों का भुगतान शीघ्रतम किया जाना संभव हो सकें। इस उपरान्त भी यदि नर्सिंग ट्यूटर्स द्वारा अपने दावों के बिल निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नही किये जाते है, तो उनके कौंसिल कार्यालय स्तर पर भुगतान में हुये विलम्ब के लिये भी स्वयं उत्तदायी होंगे।

(जोईस कुरियन)
रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर

क्रमांकः प.5(53)आरएनसी / लेखा / विविध / 2024 / 455 दिनांकः 21.08.2025

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– निजी सचिव, निदेशक (जन स्वास्थ्य) एवं पदेन अध्यक्ष, आरएनसी, जयपुर।
2– प्रभारी अधिकारी परीक्षा शाखा, आरएनसी, जयपुर।
3– प्रभारी अधिकारी, शैक्षणिक शाखा, आरएनसी, जयपुर।
4– प्रोग्रामर (अनुबन्ध) आरएनसी को कौंसिल कार्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5– नोटिस बोर्ड कार्यालय।
6– रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर

Tel.:+91141 2222923 | Fax:-+91 1412222099 | Website : www.rncjaipur.org | E-mail: rncjaipur@gmail.com

F:\RNC LEKHA 1\OFFICE ORDERS